तापमान

अधिकतम 29.0 डिग्री

न्यूनतम 24.0 डिग्री

हरिभूमि

# मध्यांचल भूमि

रायपुर, शुक्रवार 31 अक्टूबर 2025

बलौदाबाजार | भाटापारा | खरोरा | लवन | कसडोल | पलारी-अमेरा | बिलाईगढ़ | संडी बंगला



11 शिक्षा की गुणवत्ता, पारदर्शिता और सुविधाओं...



12 शासकीय कर्मचारियों ने मांगी कैशलेस चिकित्सा ...




## खबर संक्षेप

### ज्ञानोदय विद्यालय में आधार अपडेट कैंप से सैकड़ों को राहत



**हिरमी रावन।** ज्ञानोदय विद्यालय हिरमी में 28 से 31 अक्टूबर तक चार दिवसीय आधार अपडेट एवं सुधार कैम्प आयोजित किया गया। कैम्प में छात्रों व अभिभावकों ने नाम, पता, जन्मतिथि, मोबाइल लिंकिंग सहित बायोमेट्रिक अपडेट कराए। प्राचार्य पी. आर. वर्मा ने बताया कि विद्यालय परिसर में ही यह सुविधा मिलने से अभिभावकों को बड़ी राहत मिली। कैम्प में सूरज च्वाईस सेंटर टीम व विद्यालय स्टाफ की सहभागिता रही। बीआरसी सिमगा किरण कुमार वर्मा ने इसे सफल पहल बताते हुए कहा कि ऐसे शिविर आगे भी लगाए जाएंगे ।

### देवसुन्दरा में देवउठनी पर सुआ प्रतियोगिता कल

**पलारी।** पलारी के देव नगरी ग्राम देवसुन्द्रा में नवयुवक श्री लक्ष्मी उत्सव समिति के तत्वाधान में देवउठनी एकादशी के पावन अवसर पर 01 नवंबर शनिवार को भव्य संगीतमय सुवा प्रतियोगिता का आयोजन किया गया है, जितेंद्र वर्मा ने जानकारी देते हुए बताया कि प्रतियोगिता में प्रथम पुरुस्कार 15000 रु, द्वितीय 11111 रु, तृतीय 7777 रु, चतुर्थ 5555 रु, पंचम 3333 रु, दिए जाएंगे इसके अलावा सभी प्रतिभागि मंण्डली को 2000 रुपये सांत्वना पुरुस्कार दिया जाएगा । यह आयोजन समस्त ग्रामवासियों के सहयोग से योजित किया जा रहा है।

### पुरानी रंजिश को लेकर मारपीट



**महासमुंद।** पुरानी रंजिश को लेकर मारपीट के मामले में सांकरा थाने में आरोपियों के विरूद्ध जुर्म दर्ज कर विवेचना में लिया गया है। मामला ग्राम बड़ेलोरम का है। पुलिस को नरसिंग नायक पिता आशाराम नायक (55 साल) ग्राम बडेलोरम ने बताया कि 29 अक्टूबर को घर के बाहर परछी में बैठकर अपनी पत्नी से बातचीत कर रहा था। शाम करीब 6.30 बजे उसका पारिवारिक रिश्तेदार रामप्रसाद वहां से गुजर रहा था, जिसने उसे देखकर पुरानी रंजिश एवं पुरानी बातों को लेकर गाली गलौज करना शुरू कर दिया। आवाज सुनकर आरोपी के पिता जगतु नायक एवं उसका भाई रामसिंग नायक भी वहां आ गये और तीनों एक राय होकर गाली गलौज कर जान से मारने की धमकी देते हाथ मुक्का एवं डंडे से मारपीट करने लगे। बीच बचाव करने आई प्रार्थी की पत्नी और लड़के बंशी नायक के साथ भी मारपीट की गई। मामले की रिपोर्ट पर आरोपियों के विरूद्ध धारा 115(2), 296, 3(5), 351(2) बीएनएस के तहत अपराध दर्ज कर विवेचना में लिया गया है।

### शराब पीने की सुविधा उपलब्ध कराने वाले पर कार्रवाई

**महासमुंद।** शराब पीने-पिलाने की सुविधा उपलब्ध कराने वाले ग्राम मेमरा के एक व्यक्ति के विरूद्ध पिथौरा पुलिस ने कार्रवाई की है। पुलिस ने बताया कि मुखबीर से सूचना मिली कि जगत राम रात्रे पिता गोपाल रात्रे निवासी मेमरा अपने घर की बाड़ी के पास लोगों को शराब पीने-पिलाने की सुविधा उपलब्ध करा रहा है। मौके पर पहुंचकर पुलिस ने उक्त आरोपी के विरूद्ध धारा 36 सी आबकारी एक्ट के तहत कार्रवाई की गई।

### बैठक : उड़नदस्ते का गठन और कंट्रोल रूम स्थापित कर होगी कड़ी निगरानी

# किसानों को धान बेचने में कोई परेशानी न हो, समय पर करें पूरी तैयारी : कलेक्टर

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बलौदाबाजार

कलेक्टर दीपक सोनी ने जिला पंचायत सभागृह में जिले में धान खरीदी की तैयारियों की समीक्षा की। उन्होंने संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिए कि जिले के किसानों को धान बिक्री के दौरान कोई परेशानी नहीं होनी चाहिए। सभी आवश्यक तैयारी समय पर पूर्ण करें।पंजीयन में किसानों को कोई दिक्कत हो रही है तो समय रहते सभी तकनीकी समस्याओं का समाधान कर लें। कलेक्टर श्री सोनी ने कहा कि अवैध धान की आवक रोकने के लिए चाक चौबंद व्यवस्था सुनिश्चित करने के लिए 24 घंटे संचालित कंट्रोल रूम और उड़नदस्ता का गठन करें। उन्होंने बिचौलियों पर नियंत्रण हेतु प्रभावी कार्य योजना बनाकर कार्य करने के निर्देश भी दिए। बैठक में बताया गया कि जिले में खरीफ विपणन वर्ष 2025-26 में अनुमानित धान उपार्जन 9 लाख 15 हज़ार 400 मेट्रिक टन है और 129 समितियों के माध्यम से किसानों का धान क्रय किया जाएगा । अब तक जिले में कुल पंजीकृत कृषकों की संख्या 1 लाख 62 हजार 129 है।

- अवैध धान की आवक रोकने 24 घंटे अलर्ट रहने के निर्देश

### आगामी खरीफ सीजन में धान खरीदी की तैयारियों की समीक्षा की




### अधिकारियों को प्रशिक्षण दिया गया

समीक्षा के पूर्व आगामी खरीफ वर्ष 2025-26 धान उपार्जन हेतु आरंभिक तैयारी के तहत उपार्जन केंद्र के नोडल अधिकारियों को प्रशिक्षण दिया गया। प्रशिक्षण में उपार्जन केंद्र में अवैध धान एवं रीसाइक्लिंग को रोकने, अच्छी किस्म के धान खरीदी, किस्मवार स्टेकिंग, पीडीएस मिलर बारदाना की गुणवत्ता, चेक पोस्ट आदि के बारे में सहकारी बैंक के शाखा प्रबंधक, समिति प्रबंधक एवं कंप्यूटर ऑपरेटर को विस्तृत जानकारी दी गई। प्रशिक्षण में खाद्य विभाग, सहकारिता विभा, अपेक्स बैंक, विपणन संघ के अधिकारी कर्मचारी उपस्थित थे।

### नागरिक आपूर्ति निगम में तय समय सीमा में बकाया चावल जमा करें

- कलेक्टर ने ली राइस मिलर्स की बैठक



बलौदाबाज़ार । कलेक्टर दीपक सोनी ने जिले के सभी राईस मिलर्स की बैठक लेकर कस्टम मिलिंग की समीक्षा की। उन्होंने राइस मिलर्स को नागरिक आपूर्ति निगम में बकाया चावल शीघ्र जमा करने के निर्देश दिए। इस दौरान बारदाना उपलब्धता की भी समीक्षा की।बैठक में बताया गया कि जिले में 38 राइस मिलर्स को कस्टम मिलिंग पश्चात नागरिक आपूर्ति निगम में चावल जमा करने का कार्य दिया गया है। खरीफ विपणन वर्ष 2024-25 में कस्टम मिलिंग हेतु 94573.88 टन चावल का लक्ष्य निर्धारित किया गया था। जिसके विरुद्ध अब तक जिले में अब तक कुल 83161.43 टन चावल जमा किया जा चुका है । इस प्रकार जिले में लगभग 87.93 प्रतिशत कस्टम मिलिंग कार्य पूर्ण हो चुका है और बकाया 11412.45 टन चावल जमा किया जाना शेष है। कलेक्टर ने शेष 12 प्रतिशत चावल यथाशीघ्र जमा करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि जल्द ही प्रदेश भर में धान खरीदी का कार्य प्रारंभ होने वाला है अतः किसी भी प्रकार का पेंडिंग न रखें। बैठक में जिला खाद्य अधिकारी पुनीत वर्मा, जिला विपणन अधिकारी श्री देवांगन एवं जिला प्रबंधक नागरिक आपूर्ति निगम भूपेश शर्मा और राईस मिलर्स उपस्थित थे।

## धूमधाम से मनाई आंवला नवमी महिलाओं ने की सुख-समृद्धि की कामना



हरिभूमि न्यूज ▶▶| खरोरा

आंवला नवमी के दिन ग्राम की महिलाएं सुबह स्नान करके आंवले के पेड़ के नीचे साफ-सफाई किए इसके बाद आंवले के पेड़ के नीचे पूर्व दिशा में खड़े होकर जल और दूध चढ़ाएं फिर आंवले के पेड़ के चारों ओर रुई लपेटें और 7 बार परिक्रमा कर अंत में आंवले की आरती करके परिवार की सुख-समृद्धि की कामना किए । खरोरा से सहित आसपास ग्रामीण अंचल में धूमधाम से आंवला नवमी मनाया गया।

अक्षय नवमी को आंवला नवमी के नाम से भी जाना जाता है। अक्षय नवमी का शास्त्रों में बहुत बड़ा महत्व बताया गया है। अक्षय नवमी के दिन आंवले के पेड़ की पूजा का खास महत्व बताया गया है। कहते हैं कि इस दिन आंवले के पेड़ से अमृत बरसता है, इसलिए अक्षय नवमी के दिन आंवले पेड़ के नीचे लोग खाना भी खाते हैं। इसके अतिरिक्त आंवला नवमी का पर्व घर में एकता और सामूहिकता को बढ़ावा देने का भी एक अच्छा अवसर होता है। इस दिन महिलाएं एकत्रित होकर एक दूसरे से मिलती हैं, पूजा करती हैं और समाज में प्रेम और भाईचारे का संदेश फैलाती हैं। आंवला नवमी का यह पर्व समाज में सामूहिक रूप से आनंद और खुशी का संचार करता है। ग्राम व क्षेत्र में आंवला नवमी का पर्व बहुत धूमधाम से मनाया गया।

## साइबर टीम ने आठ दिन में गुम मोबाइल किया बरामद



हरिभूमि न्यूज ▶▶| गोपालपुर

थाना सरसींवा एक बार फिर अपनी सतर्कता और तकनीकी दक्षता के लिए चर्चा में है। थाना प्रभारी वीणा यादव के नेतृत्व में साइबर एवं सीसीटीएनएस टीम ने केवल 8 दिनों में गुम मोबाइल फोन को खोज निकालकर उसके वास्तविक मालिक को सौंप दिया। जानकारी के अनुसार, 22 अक्टूबर 2025 को एक ग्रामीण नागरिक ने मोबाइल गुम होने की शिकायत सरसींवा थाने में दर्ज कराई थी। शिकायत पर त्वरित कार्रवाई करते हुए थाना प्रभारी ने साइबर टीम को जांच का निर्देश दिया। टीम ने तकनीकी साधनों की मदद से मोबाइल की लोकेशन ट्रेस की और उसे शीघ्र बरामद कर लिया। यह उपलब्धि सरसींवा पुलिस की कार्यकुशलता और जनसेवा के प्रति समर्पण का उदाहरण है।

आंकड़ों के अनुसार, जनवरी 2025 से अब तक थाने में 150 से अधिक मोबाइल गुम होने की शिकायतें दर्ज हुईं, जिनमें से 50 से अधिक मोबाइल सफलतापूर्वक बरामद किए जा चुके हैं। थाना प्रभारी वीणा यादव ने कहा कि पुलिस का उद्देश्य नागरिकों में भरोसा बनाए रखना और तकनीकी संसाधनों का अधिकतम उपयोग करते हुए शीघ्र न्याय दिलाना है। यह सफलता टीम भावना और जनता के सहयोग का परिणाम है।

## तीन स्थानों पर हुईं चोरियां, व्यापारियों में दहशत का माहौल

हरिभूमि न्यूज ▶▶| अर्जुनी



भाटापारा ग्रामीण थाना क्षेत्र अंतर्गत ग्राम पंचायत अर्जुनी के बाजार चौक में विगत दिनों देर रात्रि अज्ञात चोरों ने तीन स्थानों पर चोरी की वारदात को अंजाम दिया। एक ही रात हुई चोरी की घटना सामने आने के बाद व्यापारियों में दहशत का माहौल बना हुआ है। बाजार चौक सैलून दुकान के संचालक सुरेंद्र सेन ने बताया कि उनके दुकान से ब्यूटी उत्पाद व हेयर ट्रिमर व मसाज में उपयोग करने वाले मशीनों को चोरी कर लिया गया है जिसकी राशि लगभग 40 हजार बताया गया है। वही साहू होटल के संचालक राजू साहू के होटल के सामने खड़े ई रिक्शा की बैटरी को चोरी कर लिया गया । इस प्रकार की चोरी होने से रात्रि में बंद दुकानों से बाजार चौक के दुकानदारों में भय का माहौल है। दुकानदारों में दहशत का माहौल तीन दुकानों में एक ही रात हुई चोरी से व्यापारियों में दहशत का माहौल है। स्थानीय दुकानदारों ने कहा कि रात में पुलिस गश्त की कमी के कारण चोरों के हौसले बुलंद है। इस प्रकार के वारदात को जल्द ही अंकुश लगाने के साथ अज्ञात चोरो की गिरफ्तारी की मांग किया है।

## राष्ट्रीय एकता दिवस पर रन फॉर यूनिटी का आयोजन आज

**बलौदाबाजार।** देश के प्रथम उप प्रधानमंत्री एवं गृहमंत्री, लौह पुरुष सरदार वल्लभ भाई पटेल की 150वीं जयंती के अवसर पर 31 अक्टूबर 2025 को जिला पुलिस बलौदाबाजार-भाटापारा द्वारा "रन फॉर यूनिटी" कार्यक्रम का भव्य आयोजन किया जा रहा है। यह कार्यक्रम जिले के तीनों पुलिस अनुभाग बलौदाबाजार, भाटापारा और कसडोल में एक साथ आयोजित होगा। इस अवसर पर पुलिस विभाग ने जिले के जनप्रतिनिधियों, अधिकारी-कर्मचारियों, मीडिया प्रतिनिधियों, युवाओं, छात्र-छात्राओं, खेल प्रेमियों एवं समस्त नागरिकों से अधिक से अधिक संख्या में शामिल होकर राष्ट्रीय एकता के संदेश को जन-जन तक पहुंचाने का आह्वान किया है। देश की एकता, अखंडता और सामाजिक सद्भाव को सशक्त बनाना और नशामुक्त समाज के निर्माण के लिए जन जागरूकता फैलाना है। एकता दौड़ प्रातः 7:00 बजे से बलौदाबाजार अंबेडकर चौक से पुलिस लाइन ग्राउंड तक भाटापारा भाटापारा मॉल से पीडब्ल्यूडी रेस्ट हाउस तक कसडोल गुरु घासीदास चौक–बाजार चौक–गुरु घासीदास चौक तक होगा।

## महतारी लोककला मंच राज्य स्थापना दिवस के रजत महोत्सव में देगा प्रस्तुति

हरिभूमि न्यूज ▶▶| खरोरा




छत्तीसगढ़ राज्य स्थापना दिवस पर आयोजित पांच दिवसीय "रजत महोत्सव" के उद्घाटन समारोह में खरोरा की प्रसिद्ध लोक सांस्कृतिक संस्था "महतारी लोककला मंच" अपनी भव्य प्रस्तुति देगी। यह कार्यक्रम दिनांक 1 नवम्बर 2025 को राजधानी रायपुर में आयोजित होगा, जिसमें माननीय प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी मुख्य अतिथि के रूप में शामिल होंगे। इस अवसर पर महतारी लोककला मंच खरोरा के संस्थापक, प्रसिद्ध गीतकार, संगीतकार, गायक एवं निर्माता चन्द्रभूषण वर्मा अपने दल के साथ छत्तीसगढ़ की समृद्ध लोक संस्कृति और परंपराओं पर आधारित विशेष प्रस्तुति देंगे। यह खरोरा क्षेत्र के लिए अत्यंत गौरव का क्षण होगा कि यहां की सांस्कृतिक धरोहर को देश के प्रधानमंत्री के समक्ष प्रस्तुत करने का अवसर मिल रहा है। कार्यक्रम में प्रदेश के मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय, मंत्रिमंडल के सदस्य, विधायकगण तथा हजारों दर्शक उपस्थित रहेंगे और छत्तीसगढ़ की कला-संस्कृति के इस अनोखे उत्सव का आनंद लेंगे।

### दर्रा ग्राम में श्रीमद्भागवत महापुराण कथा का भव्य समापन

# तुलसी वर्षा और महाप्रसाद में उमड़े श्रद्धालु

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सेल

ग्राम पंचायत दर्रा (गिरौदपुरी) के गुड़ी चौक में ग्रामीणों द्वारा आयोजित श्रीमद् भागवत महापुराण कथा का अंतिम दिवस बड़े ही धूमधाम और भक्तिमय वातावरण में संपन्न हुआ। कथा वाचक आचार्य पंडित देव कृष्ण शर्मा 'टेमर वाले' ने तुलसी वर्षा, हवन, चढोत्री, सहस्त्रधारा और महाप्रसाद के साथ कथा का समापन किया। कथा के अंतिम दिवस का शुभारंभ सामूहिक रूप से हवन-पूजन और तुलसी वर्षा के साथ हुआ। आचार्य पंडित देव कृष्ण शर्मा ने विधि-विधान से हवन कराया। इस अवसर पर उपस्थित भक्तों ने भगवान की भक्ति में लीन होकर तुलसी वर्षा और हवन में भाग लिया। तुलसी वर्षा और हवन के दौरान संपूर्ण वातावरण पूरी तरह से पवित्र और भक्तिमय हो गया था, जिससे भक्तों को आध्यात्मिक शांति की अनुभूति हुई। कथा के अंतिम


▶▶ शेष पेज 11 पर




### महाप्रसाद वितरण के साथ कथा का समापन

आचार्य पंडित देव कृष्ण शर्मा ने कथा का समापन किया, जिसके दौरान भक्तों ने भाव-विभोर होकर कथा का आनंद लिया। कथा समापन के बाद महाप्रसाद वितरण का आयोजन किया गया। महाप्रसाद ग्रहण करने से भक्तों को आध्यात्मिक शांति और तृप्ति की अनुभूति हुई। आचार्य पंडित देव कृष्ण शर्मा के द्वारा दिए गए कथा और उपदेश से उपस्थित भक्तों को आध्यात्मिक शांति और ज्ञान की प्राप्ति हुई। इस सात दिवसीय आयोजन की सफलता से क्षेत्र में शांति और सौहार्द का माहौल बना हुआ है।

### रामायण से मिलती है जीवन की सांसारिक ज्ञान

**गिधौरी ।** समीप सबसे ग्राम पंचायत बलोदा में इन दिनों अखंड नवधा रामायण का कार्यक्रम चल रहा है जिससे सुनने के लिए पूरे गांव सहित आस पास के लोग भारी संख्या में पहुंच रहे हैं जिससे पूरे गांव में भक्ति मय माहौल बना हुआ है । इस दौरान अखंड नवधा रामायण कार्यक्रम के बाल कांड चल रहा है जिसमें मर्यादा पुरुषोत्तम भगवान रामचंद्र की जन्म की कथा चल रही है जिसे कथा वाचक ने तुलसीदास रचित रामायण को अपने शब्दों में बताया कि हमें माता पिता और भाई से कैसे प्रेम किया जाता है इसकी ज्ञान हमें रामायण से मिलती है। यही नहीं हमें जीवन की सांसारिक ज्ञान भी हमे रामायण से मिलती है, इसलिए हमें भगवान की बताए हुए मार्ग पर चलना चाहिए। आज की सबसे बड़ी आवश्यकता हमारे धर्म ग्रंथो में लिखी गई बातों का पालन करने की है। संस्कारों के अभाव के कारण हम लोग कथाओं से एवं श्रेष्ठ शास्त्रों को पढ़ने से दूर होते जा रहे हैं। कथावाचक ने बताये कि हमारे संपूर्ण दुखो को मां भगवती देवी ही हरण कर सकती हैं। इसलिए उनकी आराधना भक्ति हम लोगों को श्रद्धा विश्वास पूर्वक करना चाहिए।



## वेतन वृद्धि की मांग को लेकर सहकारी बैंक के कर्मचारी हड़ताल पर जाने की तैयारी पर

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कसडोल

वेतन वृद्धि की एक सूत्रीय मांग को लेकर जिला सहकारी केंद्रीय बैंक के कर्मचारी 29 अक्टूबर से क्रम बद्ध धरना प्रदर्शन शुरू कर दिए हैं जो शीघ्र पूरा नहीं होने पर 12 नवम्बर से अनिश्चित कालीन हड़ताल में चले जाएंगे जिसके कारण आने वाले दिनों में किसानों को भारी परेशानियों का सामना करना पड़ सकता है। जिला सहकारी केंद्रीय बैंक टुंडरा के धरना प्रदर्शन प्रभारी भरत वर्मा से मिली जानकारी के अनुसार जिला सहकारी बैंक के अधिकारी कर्मचारी अपनी वेतन वृद्धि के एक सूत्रीय मांग को लेकर क्रम बद्ध तरीके से धरना प्रदर्शन शुरू कर दिए हैं जिसकी जानकारी संबंधित विभाग सहित शासन प्रशासन को दे दी गई है। उन्होंने बताया कि सर्व प्रथम 29 अक्टूबर से 2 नवम्बर तक विरोध प्रदर्शन काला पट्टी लगाकर कार्य करते हुए किया जाएगा।

3 से 5 नवंबर तक बैंक मुख्यालय एवं शाखा कार्यलय में प्रतिदिन प्रातः साढ़े दस से साढ़े ग्यारह बजे तक कलम बंद कर नारे बाजी एवम् विरोध प्रदर्शन। ऐसे ही 6 से 11 नवंबर तक अलग अलग चरणों में विरोध प्रदर्शन किया जाएगा तत्पश्चात मांग पूरी नहीं होने पर बैंक मुख्यालय सहित शाखाओं एवं एटीएम मशीनों में तालाबंदी कर अनिश्चित कालीन हड़ताल किया जाएगा।

**खबर संक्षेप**



## ताम्रकार समाज ने मनाई भगवान सहस्त्रबाहु की जयंती

**रायपुर।** ताम्रकार समाज द्वारा पुरानी बस्ती स्थित नागरी दास मंदिर के प्रांगण में भगवान सहस्त्रबाहु अर्जुन की जयंती मनाई गई। इस अवसर पर समाज के विभिन्न संगठनों द्वारा कई कार्यक्रम आयोजित किए गए, जिनमें भक्तों ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया। मंदिरों को भव्य रूप से सजाया गया था और विशेष पूजा-अर्चना की गई। इस कार्यक्रम में समाज की समस्त महिलाएं, बच्चे, युवा और वरिष्ठ एक साथ शामिल हुए। इस मौके पर समाज के अध्यक्ष धीरज ताम्रकार व प्रसार प्रचार पदाधिकारी प्रफुल्ल कुमार ताम्रकार ने बताया कि सहस्त्रबाहु जी की जयंती का आयोजन ताम्रकार समाज छत्तीसगढ़ में लगभग विगत 5 दशक से निरंतरता से किया जा रहा हैं। इस कार्यक्रम में अनेक प्रकार का सांस्कृतिक कार्यक्रम किया जाता हैं, इस कार्यक्रम में वरिष्ठजनों एवं उपलब्धि प्राप्त लोगों का सम्मान भी किया गया। यह कार्यक्रम समाज के प्रत्येक को एकसूत्र में पिरोए रखता हैं।

## मोदी की गारंटी को लागू करने की मांग, कलेक्टर को सौंपा ज्ञापन

**रायपुर।** छत्तीसगढ़ अधिकारी-कर्मचारी पेंशनर्स एसोसिएशन ने बुधवार को सौहार्दपूर्ण माहौल में रायपुर कलेक्टर को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के नाम एक ज्ञापन सौंपा। ज्ञापन में विधानसभा चुनाव 2023 के घोषणा पत्र में की गई "मोदी की गारंटी" के तहत कर्मचारियों एवं पेंशनर्स से किए गए वादों को शीघ्र लागू करने की मांग की गई। इस मौके पर एसोसिएशन के जिला अध्यक्ष पंकज नायक और प्रांतीय महामंत्री उमेश मुदलियार समेत उपस्थित पदाधिकारियों ने बताया कि दो वर्ष बीत जाने के बावजूद अब तक इन गारंटियों पर कार्यवाही नहीं हुई है।

## नेशनल कराते स्पर्धा में मानसी ने जीता सिल्वर मेडल



**रायपुर।** भिलाई स्थित महिला महाविद्यालय सेक्टर-9 में 25 से 26 अक्टूबर तक आयोजित ओपन नेशनल कराटे चैंपियनशिप का सफल आयोजन छत्तीसगढ़ फीनिक्स शितो-र्यू कराटे-डो एसोसिएशन द्वारा किया गया। प्रतियोगिता में देशभर से सैकड़ों खिलाड़ियों ने हिस्सा लेकर अपनी उत्कृष्ट प्रतिभा का प्रदर्शन किया। रायपुर की खिलाड़ी मानसी तांडी ने 45 किलो वेट कैटेगरी में भाग लेते हुए कुमिते कराते (लड़ाकू स्पर्धा) में सिल्वर मेडल, और काता स्पर्धा में ब्रॉन्ज मेडल हासिल किया। यह उनका पहला नेशनल स्तर का प्रदर्शन था, जिसमें उन्होंने उत्कृष्ट प्रदर्शन कर अपने परिवार, कोच एवं शहर का नाम रोशन किया। रायपुर के बालक एवं बालिका वर्ग के खिलाड़ियों ने कोच मनीष बघेल के मार्गदर्शन में शानदार प्रदर्शन करते हुए अनेक स्वर्ण, रजत एवं कांस्य पदक अर्जित किए।

## सील करने पहुंची टीम, बकायेदार ने चेक दिया

**रायपुर।** नगर निगम जोन 4 राजस्व विभाग की टीम बुधवार को बैरनबाजार के न्यू सीजी कालेज के पास बड़े बकायादार भवन स्वामी पर अंतिम सूचना के बाद भी बकाया कर का भुगतान नहीं करने पर सीलंबदी करने स्थल पर पहुंची। भवन स्वामी सुरेंद्र कौर, देवेंद्र सिंह ने तत्काल नगर निगम जोन 4 के राजस्व विभाग को 4,27,141 रुपए की बकाया राशि का धनादेश प्रदान कर सीलबंदी की कार्यवाही से सुरक्षित रखा। बकाया राजस्व वसूली अभियान में जोन के सहायक राजस्व अधिकारी अमरनाथ साहू, राजस्व निरीक्षक ऋषि परोंच, सहायक राजस्व् की उपस्थिति रही।

# नियम बदले बिना 108 संजीवनी सेवा का तीसरा टेंडर भी विवादों में

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

**हरिभूमि फॉलोअप**

घायलों को अस्पताल पहुंचाने वाली 108 संजीवनी सेवा के लिए नई ठेका एजेंसी तय करने की प्रक्रिया विवादों से बाहर नहीं आ पा रही है। दो निविदा के निरस्त होने के कारणों से सीख लिए बिना सीजीएमएससी ने तीसरा टेंडर जारी कर दिया। नियमों की जटिलता की वजह से एकमात्र कंपनी निविदा में शामिल हो सकी, जिसे पात्र किए जाने के आरोपों से सीजीएमएससी के अफसर घिर हुए हैं।

- सीजीएमएससी ने निरस्त हुई दो निविदाओं से नहीं ली सीख

जानकारी के अनुसार दवा निगम द्वारा 24 सितंबर को जारी निविदा पुरानी शर्तों के आधार पर ही जारी कर दिया। प्री-बिड में शामिल संस्थाओं ने आपत्ति लगाई, जिसे अफसरों ने नजरअंदाज कर दिया। 16 अक्टूबर को अंतिम तारीख के दौरान स्पष्ट हुआ कि इसमें उसी कंपनी ने टेंडर जमा किया है, जिसे अफसरों की पसंदीदा संस्था बताई गई है, जिसे संचालन का जिम्मा दिए जाने की तैयारी है। इस टेंडर के बाद निविदा प्रक्रिया पर ही सवाल खड़ा किया जा रहा है। स्थानीय कंपनियों ने आरोप लगाया गया है कि बार-बार निविदा रद्द होने से शासन के खजाने का दुरुपयोग हो रहा है।

प्रत्येक निविदा प्रक्रिया में आरपीएफ तैयार करने, प्रकाशन, प्री-बिड मीटिंग आयोजित करने और मूल्यांकन के लिए लाखों रुपये खर्च होता है। इस हिसाब से इन तीन निविदाओं में दवा कार्पोरेशन ने 2-3 करोड़ का खर्च किया है। लगातार दो टेंडरों में नाकामी मिलने के बाद तीसरी बार में उसी नियम शर्तों पर पसंदीदा कंपनी को दिए जाने का आरोप लग रहा है।

### एक ही कंपनी टेंडर में शामिल

#### नियम ऐसा कि स्थानीय कंपनी अपात्र

सूत्रों के अनुसार टेंडर में कंपनी तय करने के लिए ऐसा नियम बनाया गया है जिसमें स्थानीय कंपनियां अपात्र हो रही है। अंकों के आधार पर कंपनी को योग्य मानने के लिए की जाने वाली गणना में एक ही कंपनी पात्र हो रही है। पिछले दो टेंडरों में भी एक ही कंपनी सर्वोच्च अंक के साथ टेंडर हासिल करने की प्रबल दावेदार बनी थी। हालांकि बाद भी दवा निगम ने प्रक्रिया पर उठाए जाने वाले सवाल के बाद टेंडर को रद्द कर दिया था।




#### दूसरी बार में अनुभव में बदलाव

*दूसरी निविदा में अनुभव के नियम में बदलाव किया गया। इस बार प्रत्येक वर्ष पर एक अंक का नियम बनाया गया। निविदा में शामिल होने वाली अन्य कंपनियों के पांच-छह साल से ज्यादा का अनुभव नहीं था। जबकि विशेष कंपनी इसके लिए दस साल का अनुभव रखती थी। कंपनी को टेंडर दिलाने में सीजीएमएससी के साथ कुछ जनप्रतिनिधियों की दिलचस्पी भी थी। पहली निविदा में 150 करोड़ के टर्नओवर के लिए 5 अंक और इससे अधिक के लिए 10 अंक निर्धारित थे। दूसरी निविदा में इसे बदलकर 150 करोड़ के लिए 5 अंक और 200 करोड़ से अधिक के लिए 10 अंक कर दिया गया जो पसंदीदा कंपनी का टर्नओवर था।*

### खाद्य सामग्री की क्वालिटी भी खराब मिली

# आंगनबाड़ी जोरा में 23 में एक भी बच्चा नहीं मिला

**पोषक आहार की सामग्री एवं बर्तन भी खराब पाए गए, साथ ही साफ-सफाई का अभाव भी मिला**

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

**हरिभूमि सरोकार**

राजधानी रायपुर के जोरा में संचालित आंगनबाड़ी केंद्र में बच्चों को दी जाने वाली खाद्य सामग्री की क्वालिटी खराब मिली, वहीं यहां दर्ज 23 बच्चों में एक भी नहीं मिला। इसका खुलासा बुधवार को छत्तीसगढ़ राज्य खाद्य आयोग के अध्यक्ष संदीप शर्मा के औचक निरीक्षण में हुआ।

अध्यक्ष सुबह 10 बजे अचानक इस केंद्र पहुंचे। इस दौरान केंद्र में एक भी बच्चा उपस्थित नहीं पाया, वहीं इस केंद्र में बच्चों को दिए जाने वाले पोषक आहार की सामग्री एवं बर्तन भी खराब पाए गए, साथ ही साफ-सफाई का अभाव भी मिला। अध्यक्ष ने इस पर गहरी नाराजगी जताते हुए महिला एवं बाल विकास विभाग की ब्लॉक अधिकारी को फटकार लगाई है, साथ ही दर्ज बच्चों के केंद्र में आने तथा उन्हें आहार दिया जाता है कि नहीं, इस संबंध में जांच करने के निर्देश दिए हैं।




फाइल फोटो

#### आलू एवं मसाले फफूंद लगे मिले

इस निरीक्षण के दौरान अध्यक्ष ने आंगनबाड़ी केंद्र के रसोई रूम की व्यवस्था एवं खाद्य सामग्री तथा बर्तनों को भी देखा। इस दौरान यहां रखे आलू अंकुरित मिले तथा सब्जी के मसालों में फफूंद लगा मिला। रसोई में रखे बर्तन भी काफी गंदे मिले, जैसे उसका महीनों से इस्तेमाल ही नहीं किया गया हो। अध्यक्ष ने रसोई रूम की स्थिति को देखकर आशंका जताई है कि यहां बच्चों के लिए भोजन बनता भी है या नहीं। इसे लेकर अध्यक्ष ने ब्लॉक अधिकारी को जांच करने के लिए कहा है।

#### मिडिल स्कूल में निर्धारित मात्रा से 50 प्रतिशत कम बनाया जा रहा था भोजन

*संदीप शर्मा ने सेरीखेड़ी स्थित शासकीय पूर्व माध्यमिक शाला का भी औचक निरीक्षण किया। इस दौरान यहां बच्चों के लिए बनाए जा रहे भोजन की गुणवत्ता सहित अन्य व्यवस्था का जायजा लिया। इस दौरान अध्यक्ष ने रसोई घर में बच्चों के लिए बनाए जा रहे भोजन की मात्रा की जानकारी मांगी तो पता चला कि स्कूल में 140 बच्चों के लिए भोजन बनाया जा रहा था, लेकिन चावल, दाल, सब्जी, तेल सभी की मात्रा निर्धारित मात्रा से 50 प्रतिशत कम थी। इस पर अध्यक्ष ने स्कूल के प्राचार्य से लेकर जिला शिक्षा अधिकारी को फटकार भी लगाई, साथ ही निर्धारित मात्रा के अनुसार भोजन बनवाने के निर्देश दिए।*

# सिंधी समाज महापंचायत की शिकायत पर क्रांति सेना के अध्यक्ष के खिलाफ अपराध दर्ज

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर




क्रांति सेना के अध्यक्ष द्वारा अग्रवाल समाज तथा सिंधी समाज के संतों तथा महापुरुषों के खिलाफ अशोभनीय टिप्पणी करने को लेकर बुधवार को सिंधी समाज के प्रमुखों ने छत्तीसगढ़ क्रांति सेना के अध्यक्ष अमित बघेल के खिलाफ बुधवार को देवेंद्र नगर तथा सिविल लाइंस थाने में शिकायत दर्ज कराई है। समाज की शिकायत पर देवेंद्र नगर थाने की पुलिस ने अमित बघेल के खिलाफ बीएनएस की धारा 299 के तहत अपराध दर्ज किया है।

सिंधी समाज महापंचायत के कार्यकारी अध्यक्ष किशोर आहूजा ने समाज की ओर से शिकायत दर्ज कराई है। किशोर ने पुलिस को बताया है कि अमित बघेल ने उनके समाज के लोगों को पाकिस्तानी बताते हुए डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी, पंडित दीनदयाल उपाध्याय तथा भगवान श्री राम के वंशज महाराजा श्री अग्रसेन के खिलाफ अपमानजनक टिप्पणी की है। इससे उनका समाज बुरी तरह से आहत हुआ है। अमित बघेल के खिलाफ कार्रवाई नहीं होने पर किशोर ने सिंधी समाज द्वारा आंदोलन करने की चेतावनी दी है। शिकायतकर्ताओं में सिंधी महापंचायत के अध्यक्ष अमर गिदवानी, महासचिव राधा किशन सुंदरानी सहित अन्य लोग शामिल थे। सिविल लाइंस थाने में शिकायत दर्ज कराने वालों में महेश दरयानी, ललित जैसिंघ सहित अन्य लोग शामिल थे।

- समाज के लोगों ने देवेंद्र नगर, सिविल लाइंस थाने में दर्ज कराई है शिकायत
- महापुरुषों, संतों के खिलाफ अमित बघेल पर अशोभनीय टिप्पणी करने का आरोप

#### यह है पूरा मामला

*पिछले सप्ताह शुक्रवार को एक मानसिक रूप से विक्षिप्त युवक ने वीआईपी चौक पर स्थापित छत्तीसगढ़ महतारी की मूर्ति को खंडित कर दिया। पुलिस ने आरोपी की पहचान कर सारंगढ़, पुसौर निवासी मनोज कुर्रे को गिरफ्तार कर लिया। साथ ही वीआईपी चौक पर छत्तीसगढ़ महतारी की नई प्रतिमा स्थापित की गई। मूर्ति खंडित किए जाने की घटना के बाद अमित बघेल ने सिंधी समाज तथा अग्रवाल समाज के संत, महापुरुषों के खिलाफ अशोभनीय टिप्पणी की थी। इसी बात को लेकर सिंधी तथा अग्रवाल समाज के लोग भड़के हुए हैं और अमित बघेल के खिलाफ कार्रवाई कर उनकी गिरफ्तारी की मांग कर रहे हैं।*

#### एक दिन पूर्व अग्रवाल समाज ने दर्ज कराई है शिकायत

अमित बघेल द्वारा 26 अक्टूबर को की गई अशोभनीय टिप्पणी को लेकर अग्रवाल समाज से जुड़े समाज प्रमुखों ने एक दिन पूर्व मंगलवार को अमित बघेल के खिलाफ कोतवाली थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई है। अशोभनीय टिप्पणी करने के आरोप में अमित बघेल के खिलाफ रायपुर में अब तक दो एफआईआर दर्ज हो चुकी है। अमित बघेल के खिलाफ राज्य के अन्य जिलों में भी सिंधी तथा अग्रवाल समाज से जुड़े लोग थाने में शिकायत दर्ज कराने पहुंच रहे हैं।

## महिला के साथ स्नैचिंग, आरोपी अब तक नहीं पकड़े गए

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

खरीदारी करने निकली एक महिला ने दो अज्ञात बदमाशों के खिलाफ राजेंद्र नगर थाने में लूट की शिकायत दर्ज कराई है। घटना शनिवार की बताई जा रही है। महिला अपने दो बच्चों के साथ खरीदारी करने निकली थी, इस दौरान बाइक सवार दो बदमाशों ने महिला को धक्का देकर गिरा दिया और उसके हाथ से पर्स छीनकर फरार हो गए। घटना पचपेड़ी नाका स्थित कलर्स मॉल के पास हुई है।

- राजेंद्र नगर थाना क्षेत्र में शनिवार की घटना
- महिला को धक्का देकर बदमाश पर्स छीनकर भागे

कमल विहार निवासी विजय रंजन ने लूट की शिकायत दर्ज कराई है। महिला ने पुलिस को बताया है कि घटना दिनांक को वह खरीदारी कर वापस घर जा रही थी। इस दौरान दो बदमाश महिला के करीब पहुंचे और उसे धक्का देकर गिरा दिया। महिला के गिरने पर बदमाश उसके हाथ में रखा पर्स लूटकर भाग गए। पर्स में कैश 10 हजार रुपए तथा एक मोबाइल था। गिरने पर महिला की दांई आंख के नीचे, बाएं हाथ और घुटने में चोट आई है। घटना के समय महिला के साथ उसका बेटा तथा बेटी साथ थे। घटना के बाद मौके पर पहुंची पुलिस ने आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों की पड़ताल की, लेकिन अब तक बदमाशों का पता नहीं चल पाया है।

## दिव्यांगों ने किया प्रदर्शन सीएम हाउस घेरने निकले पुलिस ने रोका



हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

छत्तीसगढ़ दिव्यांग संघ के आव्हान पर दिव्यांग संघ के सदस्य बुधवार को अपनी दर्जनभर लंबित मांगों को लेकर जयस्तंभ चौक से मुख्यमंत्री निवास घेराव के लिए निकले। इस दौरान नगर घड़ी चौक के पास पुलिस ने उन्हें आगे जाने से रोक लिया। स्पॉट पर प्रदर्शनकारियों से अधिक संख्या में पुलिस मौजूद रही। प्रदर्शकारी दिव्यांग महिलाओं को महतारी वंदन योजना में शामिल करने, कोरोनाकाल में दिव्यांगों द्वारा लिए गए ऋण का ब्याज माफ करने और बिना गारंटी लोन लेने की सुविधा देने की मांग कर रहे थे। इसके साथ ही नौकरी में आरक्षण की व्यवस्था का कड़ाई से पालन कराने की मांग शामिल है।

- दिव्यांग महिलाओं को महतारी वंदन योजना में शामिल करने की मांग

# 2 साल बाद भी मोदी गारंटी लागू नहीं, बिफरे कर्मचारियों ने जिला मुख्यालयों में किया प्रदर्शन

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

विधानसभा चुनाव पूर्व प्रदेश के कर्मचारियों की मांगों को मोदी गारंटी के रूप में शामिल किया गया, पर 2 वर्ष के कार्यकाल के बाद भी मोदी की गारंटी लागू नहीं हुई है। इस बात से बिफरे सरकारी कर्मचारियों ने बुधवार को छत्तीसगढ़ तृतीय वर्ग शासकीय कर्मचारी संघ के आव्हान पर प्रदेश के सभी जिला मुख्यालयों में प्रदर्शन किया। छत्तीसगढ़ में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के प्रवास पूर्व प्रदेश तृतीय वर्ग कर्मचारी संघ अध्यक्ष पवन शर्मा एवं पेंशनर्स एसोसिएशन के प्रदेश अध्यक्ष पीआर यादव के आव्हान पर प्रदेशभर के जिला मुख्यालयों में विरोध प्रदर्शन करने कर्मचारी सड़क पर उतरे और प्रधानमंत्री को संबोधित ज्ञापन जिला कलेक्टरों के माध्यम से प्रेषित किया गया।

इसी कड़ी में राजधानी रायपुर के कलेक्टोरेट के सामने कर्मचारियों ने मोदी की गारंटी लागू कराने की मांग को लेकर प्रदर्शन किया, जिसमें में बड़ी संख्या में कर्मचारी शामिल हुए। कर्मचारी नेता विजय कुमार झा एवं रायपुर जिला शाखा अध्यक्ष रामचंद्र टांडी ने बताया कि कलेक्टर रायपुर को इस संबंध में ज्ञापन सौंपा है। श्री झा ने कहा कि मोदी की गारंटी में प्रदेश के लिपिकों, शिक्षकों, पंचायत कर्मियों, स्वास्थ्य कर्मचारियों के वेतन विसंगति दूर करने, केंद्रीय कर्मचारियों के समान महंगाई भत्ता एवं पेंशनरों को महंगाई राहत देने, समय मान वेतनमान एवं पदोन्नति प्रदान करने, अनियमित कर्मचारियों के नियमितीकरण करने, आंगनबाड़ी, मितानिन, कोटवार स्कूल सफाई कर्मचारियों को चतुर्थ श्रेणी कर्मचारी घोषित करने के वादे पूरा करने की मांग शामिल है।




- प्रधानमंत्री के नाम जिला कलेक्टर को सौंपा ज्ञापन
- छत्तीसगढ़ तृतीय वर्ग शासकीय कर्मचारी संघ के आव्हान पर प्रदर्शन

#### मांगों पर निर्णय नहीं लिया गया


*आठवां वेतनमान की घोषणा के बाद विलंब से कैबिनेट की मंजूरी के कारण 16 माह प्रतिवेदन बनाने में लगेगा, जबकि 1 जनवरी 26 से आठवां वेतनमान लागू होना है। इस तरह मात्र दो माह का समय है। वेतन आयोग ही 16 माह विलंब से गठित किया गया है। श्री झा ने कहा है कि कर्मचारियों की लंबत मांगों पर निर्णय नहीं लिया गया एवं मोदी की गारंटी लागू नहीं की गई, तो प्रदेश के कर्मचारी आंदोलन करेंगे। मंगलवार को हुए धरना प्रदर्शन का नेतृत्व उमेश मुदलियार, पंकज नायक, विजय झा, सीएल दुबे,पीतांबर पटेल, विजय डागा, विमलचंद कुंडू, बीपी कुरील, राजेन्द्र उमाठे, बेनीराम गायकवाड़, विवि कर्मचारी नेता प्रदीप मिश्र आदि ने किया।*

# सड़क पर आवारा पशुओं का विचरण रोकने अब संशोधित एसओपी, शिकायत के लिए टोल फ्री नंबर भी

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

छत्तीसगढ़ के शहरी इलाकों की सड़कों पर दिन रात विचरण करने वाले आवारा घुमंतू पशु सड़क पर चलने वाले लोगों और वाहनों के लिए भारी परेशानी और जानलेवा खतरे की वजह बनते जा रहे हैं। इस खतरे से सुरक्षा के लिए सरकार के परिवहन विभाग ने एसओपी भी जारी कर रखा है। अब सरकार ने इस एसओपी) स्टैंडर्ड ऑपरेटिंग प्रोसीजर में और बदलाव किया है, ताकि लोगों को सड़क पर सुरक्षा मिल सके।

इस संबंध में नगरीय प्रशासन एवं विकास विभाग ने राज्य के सभी नगर निगम आयुक्त सभी पालिकाओं और नगर पंचायतों के सीएमओ को संशोधित एसओपी से अवगत कराते हुए उसका पालन करने के निर्देश दिए हैं।



- नगरीय प्रशासन एवं विकास विभाग ने जारी किया निर्देश
- सड़क पर मवेशी दिखे तो टोल फ्री नंबर पर दें सूचना

**तय होगा जोखिम क्षेत्र :** नगरीय प्रशासन एवं विकास विभाग द्वारा जारी निर्देश में कहा गया है कि नगरीय क्षेत्रों में उच्च जोखिम क्षेत्र एवं सामान्य जोखिम क्षेत्र की मैपिंग कर आवारा पशुओं को गौ-शाला, गो-अभ्यारण्य और कांजी हाउस, गौठान मे काउ-कंचर के माध्यम से विस्थापित किया जाएष आवारा, घुमंतू पशुओं को सुरक्षित स्थान पर स्थापित करने के बाद पशु मालिकों को सूचित कर मानक संचालन प्रक्रिया के अनुरूप वैधानिक कार्यवाही सुनिश्चित की जाए। आवारा पशुओं को पशु पालन विभाग के माध्यम से रेडियम स्ट्रिप लगाएं।

#### हर महीने चलाएं विशेष अभियान

यह भी कहा गया है कि आवारा/घुमंतु पशुओं से होने वाली दुर्घटनाओं को रोकने के लिए एक माह का विशेष अभियान (दिन और रात) को चलाया जाना सुनिश्चित करें तथा अभियान का व्यापक प्रचार-प्रसार करते हुए कार्यवाही से संचालनालय को अवगत कराया जाए। यह विशेष अभियान नगरीय निकाय क्षेत्रों के अतिरिक्त आस-पास के 10-15 कि.मी. की परिधि में ग्रामीण क्षेत्रों में पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग के ग्राम पंचायतों की सहमति एवं समन्वय से कार्यवाही की जाए।

#### शिकायत के लिए अब टोल फ्री नंबर भी

आवारा, घुमंतू पशुओं से संबंधित शिकायतों के निवारण हेतु टोल फ्री नंबर 1033 (एनएचएआई). एवं नगरीय निकाय हेतु निदान 1100 का व्यापक प्रचार-प्रसार करें। प्राप्त होने वाली शिकायतों के संबंध में निगरानी दल को अवगत करावें एवं उक्त शिकायतों के निराकरण की समीक्षा नियमित रूप से किया जायें।

# अनुसूचित क्षेत्रों के लिए खरीदा जाएगा 56 हजार मीट्रिक टन चना

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

छत्तीसगढ़ में आदिवासी क्षेत्रों में चना वितरण को लेकर बुलाए गए ई-टेण्डर में छत्तीसगढ़ राज्य नागरिक आपूर्ति निगम ने केंद्र और राज्य सरकार, संयुक्त उपक्रमों तथा प्रशिक्षित फर्मों तथा प्रतिष्ठानों से 2025-26 में सार्वजनिक वितरण प्रणाली के तहत चना क्रय के लिए ई-ऑक्शन पुनर्निविदा के माध्यम से आमंत्रित किया है। अधिकारियों ने बताया कि पूर्व के टेंडर की शर्तो में परिवर्तन किए जाने के कारण दोबारा टेंडर जारी किया गया है।नागरिक आपूर्ति निगम के प्रबंध संचालक के डिप्टी एजीएम द्वारा राज्य में आदिवासी जिले (माडा पॉकेट) में चना आपूर्ति के लिए 55,890 मीट्रिक टन चना खरीदा जाएगा। एक किलो की पैकेजिंग होने की शर्ते रखी गई है। 50 किलो के पीपी बैग्स से इसकी आपूर्ति की जाएगी। चयनित जिलों के गोदाम तथा वितरण केन्द्रों में पहुंचाया जाएगा। राज्य में चना आपूर्ति के टेण्डर के लिए दूसरी बार पुनर्निविदा आमंत्रित की गई है। चना खरीदी के लिए समस्त देस्तावेज राज्य सरकार की वेबसाइट पर उपलब्ध है। पिछले कई वर्षों से दिल्ली के एक संयुक्त उपक्रम तथा एक जिले के प्रभावशाली परिवार द्वारा यह ठेका लिया जाता रहा है। डिप्टी एजीएम द्वारा 22 अक्टूबर को जारी किया गया है। निविदा में भाग लेने वाली फर्मों को अंतिम पंजीयन के लिए 31 अक्टूबर का समय दिया गया है। 4 नवंबर को आपूर्तिकर्ता फर्म द्वारा आवश्यक तकनीकी दस्तोवज जमा करना होगा।

#### 400 करोड़ की चना खरीदी होगी : श्रीवास्तव

राज्य नागरिक आपूर्ति निगम के अध्यक्ष संजय श्रीवास्तव ने कहा, चना क्रय ई-ऑक्शन प्लेटफार्म के माध्यम से इसकी आपूर्ति 12 आदिवासी जिलों में की जाएगी। उन्होंने बताया कि इसकी कीमत 400 करोड़ रुपए आंकी गई है। अध्यक्ष के अनुसार प्रत्येक बोलीदारों से अलग-अलग चर्चा एमडी नान करेंगी, उनका निर्णय अंतिम होगा। प्रत्येक निविदाकार को ब्लाक 7ए दूसरी मंजिल मुख्यालय अटल नगर में आना होगा। टेण्डर की प्रक्रिया शीघ्र पूरी कर ली जाएगी।

## खबर संक्षेप

### शोभायात्रा का तुषार ने किया स्वागत

**महासमुंद।** गुजराती समाज द्वारा जलाराम जयंती पर कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस दौरान समाज के लोगों ने नगर में पारंपरिक तरीके से भव्य शोभायात्रा निकाली। शोभायात्रा का स्थानीय लोहिया चौक में भाजपा किसान नेता अशवंत तुषार साहू द्वारा फूल माला से स्वागत किया। तुषार ने गुजराती समाज के लोगों से मिलकर जलाराम जयंती की बधाई दी। नगर में इस कार्यक्रम की चर्चा रही। गुजराती समाज के पुरुष, महिलाएं व बच्चों ने गाजे बाजे व आतिशबाजी के साथ नगर में धूमधाम से जयंती मनाई।

### विधायक पुरंदर मिश्रा का महापौर ने किया स्वागत

**रायपुर।** रायपुर उत्तर विधायक पुरंदर मिश्रा नगर निगम के सामान्य सभा की बैठक में पहुंचे। इस मौके पर महापौर मीनल चौबे, नेता प्रतिपक्ष आकाश तिवारी ने श्री मिश्रा बुके देकर स्वागत किया। पुरंदर मिश्रा ने नगर विकास से संबंधित एजेंडे पर चर्चा करने के लिए सदन में मौजूद सभी पार्षदों को धन्यवाद दिया।

### एमसीसी से नहीं मिला डेटा, आवंटन स्थगित

**रायपुर।** ऑल इंडिया कोट के तीसरे राउंड में शामिल हो चुके अभ्यर्थियों को राज्य कोटे के मॉपअप राउंड के आवंटन प्रक्रिया से हटाना अनिवार्य है। इसके लिए एमसीसी द्वारा आवश्यक डेटा 1 नवबंर के बाद उपलब्ध कराया जाएगा। इसे ध्यान रखते हुए चिकित्सा शिक्षा विभाग की काउंसिलिंग के मॉपअप राउण्ड की सीट आवंटन प्रक्रिया जो पूर्व निर्धारित थी, उसे अस्थायी रूप से स्थगित कर दिया है।

### इतिहास विभाग में विभागीय सेमिनार का आयोजन

**महासमुंद।** शासकीय महाप्रभु वल्लभाचार्य स्नातकोत्तर कॉलेज के इतिहास विभाग में प्राचार्य करुणा दुबे के मार्गदर्शन डॉ रीता पांडेय विभागाध्यक्ष एवं मृणाली चंद्राकर के संयोजन में विभागीय सेमिनार का आयोजन किया गया। विद्यार्थियों ने सेमिनार की प्रस्तुति पीपीटी के माध्यम से प्रस्तुत किया। डॉ.रीता पांडेय ने बताया कि इस वर्ष विद्यार्थियों को छत्तीसगढ़ के स्वतंत्रता सेनानियों एवं महासमुंद जिले के पर्यटन संस्कृति से संबंधित विषयों को प्रोजेक्ट कार्य के अंतर्गत दिया गया। विद्यार्थियों के द्वारा स्थलों का अवलोकन कर एवं स्वतंत्रता सेनानियों के परिवार से व्यक्तिगत मिलकर स्वतंत्रता सेनानियों की जानकारी एकत्र कर अपना प्रोजेक्ट प्रस्तुत कर रहे हैं। इसी प्रोजेक्ट को पीपीटी के माध्यम से विद्यार्थियों के द्वारा सेमिनार में प्रस्तुत किया गया। सेमिनार पश्चात विद्यार्थियों को सभागार स्थित धरोहर झरोखा जो इतिहास विभाग द्वारा छत्तीसगढ़ की संस्कृति को प्रदर्शित करने हेतु संस्कृति विभाग छत्तीसगढ़ शासन के सौजन्य से बनाया गया है का अवलोकन कराया गया। साथ ही मूर्तियों के संबंध में जानकारी दी गई।

पेज 9 का शेष

### तुलसी वर्षा और...

दिवस पर चढोत्री (दान/अर्पण) और सहस्त्रधारा (हजारों धाराओं से अभिषेक) का भी आयोजन किया गया। भक्तों ने उत्साहपूर्वक चढोत्री और सहस्त्रधारा में भाग लिया, जिससे उन्हें आध्यात्मिक शांति और आनंद की गहन अनुभूति हुई।

# झेरिया साहू समाज कोरासी परिक्षेत्र का हुआ शपथग्रहण समारोह

हरिभूमि न्यूज ▶▶| खरोरा

झेरिया साहू समाज कोरासी परिक्षेत्र का शपथ ग्रहण समारोह चोरभट्ठी एवं चकवे के मध्य स्थित मां बंजारीधाम मंदिर प्रांगण में भव्य रूप से आयोजित किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि कैबिनेट मंत्री खुशवंत साहेब थे। अध्यक्षता समाज के वरिष्ठ पदाधिकारियों ने की। कार्यक्रम में कोरासी परीक्षेत्र के 20 ग्रामों से बड़ी संख्या में समाज के युवा, महिलाएं और वरिष्ठजन शामिल हुए।समारोह का शुभारंभ कर्मा माता, छत्तीसगढ़ महतारी और मां बंजारी की पूजा-अर्चना के साथ विधिवत किया गया। इस अवसर पर नव-निर्वाचित पदाधिकारियों को छत्तीसगढ़ राज्य साहू समाज के निर्देशानुसार उनके पद एवं कर्तव्यों की शपथ दिलाई गई। वक्ताओं ने समाज में शिक्षा, संगठन और एकता को प्रगति की आधारशिला बताते हुए अंधविश्वास, भेदभाव और सामाजिक बुराइयों को समाप्त करने का आह्वान किया। कार्यक्रम के अंत में छत्तीसगढ़ी लोक कलाकारों ने सांस्कृतिक प्रस्तुतियों से शाम को यादगार बना दिया। नव-निर्वाचित पदाधिकारियों में अध्यक्ष नारायण साहू, उपाध्यक्ष चैतराम साहू, महिला उपाध्यक्ष पुष्पा साहू, महामंत्री सुरेश साहू, संगठन महामंत्री छन्नूलाल साहू, संगठन सचिव चुम्मन लाल साहू, कोषाध्यक्ष कमल साहू, संरक्षक पुनीत राम साहू, युवा अध्यक्ष आशीष साहू, प्रवक्ता परसराम साहू एवं अन्य शामिल हैं।

**मां बंजारीधाम में आयोजित हुआ समारोह**




**विकास के लिए एकजुट होकर कार्य करें**

मुख्य अतिथि मंत्री खुशवंत साहेब ने नव-निर्वाचित पदाधिकारियों को बधाई देते हुए कहा कि समाज के विकास के लिए एकजुट होकर कार्य करना आवश्यक है। उन्होंने युवाओं से शिक्षा और सेवा के क्षेत्र में आगे आने का आह्वान किया। ग्राम चकवे निवासी प्रगतिशील किसान सेतराम साहू ने कहा कि मजबूत संगठन ही समाज के विकास की कुंजी है।

## अभियान : विधानसभा सम्मेलन में आत्मनिर्भर भारत संकल्प

# स्वदेशी केवल अर्थव्यवस्था का विषय नहीं बल्कि हमारी संस्कृति प्रतीक है : शिवरतन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भाटापारा




वर्ष 2047 तक भारत को विकसित राष्ट्र के रूप में स्थापित करने के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के संकल्प को साकार करने की दिशा में आत्मनिर्भर भारत अभियान निरंतर सशक्त आधार बनता जा रहा है। इसी क्रम में भारतीय जनता पार्टी प्रदेश संगठन के निर्देशानुसार गुरुवार को भाटापारा विधानसभा स्तरीय सम्मेलन का भव्य आयोजन किया गया..साथ ही छत्तीसगढ़ रजत जयंती पर 01 नवम्बर को नवा रायपुर पधार रहे प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की सभा के विषय मे विस्तृत चर्चा की। इस कार्यक्रम में भाजपा नेता शिवरतन शर्मा उपस्थित रहे, जिन्होंने स्वदेशी और आत्मनिर्भरता के संकल्प पर विस्तृत रूप से अपने विचार रखे। शिवरतन शर्मा ने कहा कि "हर घर स्वदेशी, घर-घर स्वदेशी" केवल एक नारा नहीं बल्कि आत्मनिर्भर और विकसित भारत की मजबूत नींव है। उन्होंने कहा कि स्वदेशी वस्तुओं को अपनाना हमारे कारीगरों, किसानों, छोटे व्यापारियों और उद्यमियों के प्रति सम्मान का प्रतीक है। जब हम स्वदेशी वस्तुएं खरीदते हैं, तब हम देश की मिट्टी, मेहनतकश हाथों और आत्मनिर्भरता के सपनों को सशक्त बनाते हैं। शिवरतन शर्मा ने आगे कहा कि स्वदेशी केवल अर्थव्यवस्था का विषय नहीं बल्कि हमारी संस्कृति, परंपरा और गौरव का प्रतीक है। आज पूरी दुनिया भारतीय योग, आयुर्वेद, हस्तशिल्प और पारंपरिक उद्योगों की सराहना कर रही है। इतिहास गवाह है कि स्वदेशी आंदोलन ने स्वतंत्रता संग्राम को नई गति दी थी, और खादी आत्मसम्मान का प्रतीक बनी थी।

**पूरा सभागार भारत माता की जय के उद्घोष से गूंज उठा**

शर्मा ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में देश आज स्वदेशी के पथ पर निरंतर आगे बढ़ रहा है। यह हमारी मातृभूमि के प्रति प्रेम का उत्सव है और हमें हर घर में स्वदेशी की अलख जगाने का संकल्प लेना चाहिए। साथ ही 01 नवंबर को राज्य उत्सव मे प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की सभा में सम्मिलित होने विषयक विस्तृत चर्चा हुई। भाजपा जिला अध्यक्ष आनंद यादव ने भी संबोधित किया। इस अवसर पर पूर्व जिला महामंत्री राकेश तिवारी, नगर पालिका अध्यक्ष अश्वनी शर्मा, जिला उपाध्यक्ष केजूराम बघेल, सुनील यद्दु, जिलाअध्यक्ष अनुसूचित जाति मोहन बांधे, विधानसभा स्तरीय भाजपा के पदाधिकारी, जनप्रतिनिधि, वरिष्ठजन एवं कार्यकर्ता उपस्थित रहे। बैठक के दौरान जोश और देशभक्ति का वातावरण देखने योग्य था। अंत में पूरा सभागार "हर घर स्वदेशी घर-घर स्वदेशी" और "भारत माता की जय" के उद्घोष से गूंज उठा।

# नशे से होने वाली परेशानियों को छात्र- छात्राओं को बताया




हरिभूमि न्यूज ▶▶| बगबुडा

समाज कल्याण विभाग द्वारा शासकीय महाविद्यालय लवन में नई दिशा अभियान के तहत नशे से मुक्ति हेतु जागरुकता शपथ कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में नशे के दुष्प्रभाव एवं नशे से होने वाली परेशानियों के बारे में छात्रों को अवगत कराया गया एवं नशामुक्ति हेतु शपथ दिलाई गई। कलेक्टर दीपक सोनी के निर्देश में जिला प्रशासन द्वारा जिला चिकित्सालय से नशे के दुष्परिणाम की जानकारी एवं मनोविकास हेतु परामर्श, हम होंगे कामयाब के तहत रोजगार हेतु पोर्टल में क्यू.आर. स्कैन में पंजीयन, महिला एवं बाल विकास विभाग द्वारा महिला उत्पीड़न, लैंगिग अपराध के संबंध में जानकारी दी गई।

### घर-घर ऑक्सीज़ोन, हर घर में हरियाली अभियान प्रारंभ

**रायपुर।** शहर के राजधानी विहार कॉलोनी, सड्डू में ग्राम विकास गतिविधि के कृषि आयाम, पर्यावरण मित्र अवंती विहार छत्तीसगढ़ एवं गायत्री प्रज्ञा पीठ तेलीबांधा रायपुर के संयुक्त तत्वावधान में घर-घर ऑक्सीजोन – हर घर में हरियाली अभियान का शुभारंभ किया गया। इस अवसर पर विभिन्न विषय विशेषज्ञों ने अपने विचार साझा किए। मुख्य वक्ता आचार्य देवेंद्र वर्मा ने भारत की गौ और प्रकृति पर आधारित गौरवशाली कृषि एवं जैविक जीवनशैली पर प्रकाश डालते हुए कहा कि यह अभियान एक अद्भुत पहल है। कृषि वैज्ञानिक डॉ. केके साहू ने कहा कि हमें एक स्वस्थ और हरित भविष्य के लिए प्रकृति की ओर लौटना होगा। हरियाली दीदी के नाम से प्रसिद्ध पुष्पा साहू ने छत की खेती के अपने अनुभव साझा करते हुए सभी से अपने घर की छत पर गमलों में सब्जी एवं फलदार पौधे लगाने का आह्वान किया।

# शिक्षा की गुणवत्ता, पारदर्शिता और सुविधाओं पर डीईओ ने दिया जोर

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भटगांव





जिला शिक्षा अधिकारी जेआर डहरिया ने बुधवार को भटगांव स्थित सेजेस विद्यालय में बिलाईगढ़ विकासखण्ड के शिक्षा विभाग की समीक्षा बैठक ली। बैठक में डीईओ ने शिक्षा की गुणवत्ता, वित्तीय पारदर्शिता और बुनियादी सुविधाओं को सुदृढ़ करने पर विशेष जोर दिया। बैठक में संकुल प्राचार्य, संकुल समन्वयक तथा अशासकीय विद्यालयों के संस्था प्रमुख उपस्थित थे। श्री डहरिया ने सभी को शासन की योजनाओं का पालन निर्धारित समय सीमा में सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। उन्होंने विद्यार्थियों की आधार आईडी, जाति प्रमाण पत्र, सांसद खेल महोत्सव, पीएम सूर्य घर मुफ्त बिजली योजना एवं राज्योत्सव में स्कूली बच्चों की सहभागिता पर चर्चा की। निजी विद्यालयों के संचालकों को उन्होंने चेतावनी देते हुए कहा कि शिक्षा विभाग के दिशा-निर्देशों का कड़ाई से पालन किया जाए। शिक्षा का अधिकार सभी के लिए समान है और उसकी गुणवत्ता बनाए रखना सभी की जिम्मेदारी है। डीईओ ने अधिकारियों और शिक्षकों से कहा कि वे विभागीय योजनाओं को जमीनी स्तर पर लागू करने के साथ ही विद्यालयों की शैक्षणिक गुणवत्ता में सुधार लाने के लिए ठोस कदम उठाएं। उन्होंने निरीक्षण अधिकारियों को नियमित स्कूल निरीक्षण और समय पर रिपोर्ट प्रस्तुत करने के निर्देश दिए। श्री डहरिया ने कहा कि अधिकारी केवल जांचकर्ता नहीं, बल्कि मार्गदर्शक बनकर कार्य करें, जिससे शिक्षकों का मनोबल बढ़े और वे बेहतर प्रदर्शन करें। उन्होंने 5वीं, 8वीं, 10वीं और 12वीं की परीक्षा परिणामों में सुधार हेतु विशेष कार्ययोजना बनाने को कहा। बैठक में सरदार वल्लभभाई पटेल जयंती पर "यूनिटी मार्च" आयोजन, विद्यार्थियों के मानसिक स्वास्थ्य, तथा मूल्यांकन प्रणाली में सुधार जैसे विषयों पर भी विस्तृत चर्चा की गई। बैठक में विकासखण्ड शिक्षा अधिकारी एस.एन. साहू, सहायक शिक्षा अधिकारी राजेश भोई, दिव्य प्रकाश सोनी एवं अन्य अधिकारी उपस्थित रहे।

# 34वें राऊत नाच महोत्सव का भव्य आयोजन पारंपरिक नृत्य से जीवंत हुई छत्तीसगढ़ी संस्कृति

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भाटापारा



राऊत नाच महोत्सव समिति द्वारा 34वां वर्ष राऊत नाच का भव्य आयोजन स्थानीय रामलीला मैदान पुराना गंज मंडी परिसर में 28 अक्टूबर को किया गया। इसमें अंचल के यादव नर्तक दल व अखाड़ा पार्टी शामिल हुए। भाटापारा में रावत नाच महोत्सव में यादव समाज के लोग अहीर नृत्य, अखाड़ा प्रदर्शन किया।

कार्यक्रम के मुख्य अतिथि क्षेत्रीय विधायक इन्द्र साव थे। अध्यक्षता परमेश्वर यदु पूर्व जिला पंचायत उपाध्यक्ष ने की। इस अवसर पर मुख्य अतिथि के आसंदी में विधायक इंद्र साव ने कहा यह पारंपरिक नृत्य केवल मनोरंजन नहीं है बल्कि हमारी संस्कृति एकता व श्रम शील समाज की पहचान है मैं सभी कलाकारो व राऊत नाच महोत्सव समिति भाटापारा के सभी लोगों को शुभकामनाएं देता हूं जिन्होंने प्रतिवर्ष छत्तीसगढ़ी लोक कला संस्कृति के इस अमूल्य धरोहर राउत नाचा को लगातार 34 वर्ष से जीवंत बनाए रखा है इसीक्रम में अध्यक्षता कर रहे परमेश्वर यदु ने कहा कि यह पारंपरिक लोक यादव नृत्य हमारे छत्तीसगढ़ की अमूल्य धरोहर में से एक है यह पारंपरिक नृत्य यादव भाइयों के पहचान है जो दीपोत्सव के बाद एक पखवाड़े तक उमंग उत्साह चलने वाल उत्सव है अन्य अतिथियों वरिष्ठ साहित्यकार बीएस भारती अधिवक्ता जी डी मानिकपुरी ने अपने उदबोधन से उपस्थित यादव नर्तक दलों का उत्साह वर्धन किया । इस राऊत नाचा महोत्सव में प्रथम पुरस्कार ग्राम तुरमा, द्वितीय पुरस्कार ग्राम सिनोधा तृतीय पुरस्कार ग्राम बोरसी चतुर्थ पुरस्कार ग्राम रामपुर पंचम पुरसकार रामसागर पारा एवं सभी नृतक दलों को सांत्वना पुरस्कार प्रदान किया गया। अखाड़ा दल को भी पुरस्कार वितरण किया गया। कार्यक्रम का संचालन दुर्गेश यदु के द्वारा किया गया कार्यक्रम के सफल आयोजन के लिए उपस्थित सभी लोगों के प्रति आभार व्यक्त आयोजन समिति के प्रमुख रमेश यदु पूर्व मंडी उपाध्यक्ष द्वारा किया गया। इस अवसर पर कार्यक्रम में जीडी मानिकपुरी राजकुमार शर्मा भारत वर्मा नरेंद्र यदु पार्षद दुर्गेश यादव राजू यादव तिल्दाबांधा डीके यादवचंद्र कांत यदु, संतोष नेतराम यादव, धनी राम यदु,शिव यदु, गोपाल यदु, राजेश यदु, पुशू यदु, संतोष यदु, राजा वर्मा विक्की ठाकुर, शेष नारायण यदु, मदन ठाकुर, अजय यदु दिनेश यदु, अशोक यदु ,नोहर यदु, रवि यदु, मोहित यदु, गुड्डू यदुगंगाधर यदु, दीपक यदु, भागीरथी यदु, भूरवा यदु सहित बड़ी संख्या में यादव समाज के साथ नगर वासियों की उपस्थिति थी।

# 24 छात्राओं को सरस्वती योजना में मिली साइकिलें

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कसडोल




विकासखंड के अंतिम छोर में स्थित हाईस्कूल थरगांव में सरस्वती निः शुल्क सायकल वितरण योजनांतर्गत कक्षा नवमी के 24 बालिकाओं को सायकल वितरण किया गया। इस दौरान मुख्य अतिथि के रूप में थरगांव की सरपंच कमलेश्वरी साहू एवं उपसरपंच रमेश मिश्रा उपस्थित रहे। इधर सायकल पाकर बच्चों के चेहरों में मुस्कान आ गई ,पढ़ाई अब बिना किसी रुकावट के और समय पर स्कूल आने जाने में सुविधा हो इस उद्देश्य से शासन बालिकाओं की शिक्षा को एक नई उड़ान प्रदान कर रही है। सरपंच कमलेश्वरी साहू ने बालिकाओं को नियमित अध्ययन व उपस्थिति बनाने की अपील की व नई मुकाम बनाने की हौसला बड़ाया। सरपंच प्रतिनिधि मैकमोहन साहू के साथ स्कूल के प्रभारी प्राचार्य अश्वनी डड़सेना , नीलाम्बर प्रधान ,शिवशंकर साहू ,सुमन सिंह देवनाथ, तिरिथ जयसवाल गंगाराम चौहान सभी शिक्षक उपस्थित रहे।

### मातृ मृत्यु में कमी के लिए महत्वपूर्ण पहल

**रायपुर।** राज्य में कुल 69 प्रथम प्रबंधन इकाइयाँ नामित हैं, जो वर्तमान में क्रियाशील हैं। इन इकाइयों का उद्देश्य है कि गर्भावस्था एवं प्रसव के दौरान उत्पन्न होने वाली संभावित जटिलताओं के कारण कोई भी गर्भवती महिला अपनी जान न गंवाए। इसी लक्ष्य की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम उठाते हुए, राजधानी रायपुर में दो दिवसीय राज्य स्तरीय कार्यशाला का आयोजन स्वास्थ्य विभाग और यूनिसेफ से सहयोग से किया गया। इस कार्यशाला का उद्देश्य मातृ मृत्यु में कमी लाना, स्वास्थ्य सेवा प्रदाताओं की क्षमताओं का सुदृढ़ीकरण करना तथा प्रथम प्रबंधन इकाइयों की भूमिका को और प्रभावी बनाना है। कार्यशाला में स्त्री एवं प्रसूति रोग विशेषज्ञ, चिकित्सा अधिकारी , स्टाफ नर्स, लेबर रूम स्टाफ नर्स एवं संबंधित स्वास्थ्य कर्मियों ने भाग लिया।

**न्यायालय अनुविभागीय अधिकारी (रा.) सिमगा, जिला बलौदाबाजार-भाटापारा (छ.ग.)**

रा.प्र.क्र. अ / 2 वर्ष 2025-26
ग्राम झिरिया प.ह.नं. 19 तहसील सिमगा

**ईश्तहार**

एतद् द्वारा सर्व साधारण जनता ग्राम झिरिया प.ह.नं. 19 तहसील सिमगा जिला बलौदाबाजार-भाटापारा (छ.ग.) को सूचित किया जाता है कि आवेदक सिद्धांत शर्मा पिता हरेराम शर्मा निवासी सुंदर नगर रायपुर (छ.ग.) कास्तकार ग्राम झिरिया प.ह.नं. 19 तहसील सिमगा जिला बलौदाबाजार-भाटापारा (छ.ग.) के द्वारा आवेदन प्रस्तुत किया गया है कि ग्राम झिरिया प.ह.नं. 19 तहसील सिमगा जिला बलौदाबाजार-भाटापारा स्थित भूमि खसरा नंबर 808, 810, 825, 828, 829, 831, 835, 836, 837/1, 907 रकबा क्रमशः 0.1000, 0.6400, 0.3500, 0.2900, 0.1100, 0.1500, 0.1400, 0.1800, 0.1300, 0.1000 हे. कृषि भूमि आवेदक के नाम पर राजस्व अभिलेख में भूमिस्वामी हक में दर्ज है। आवेदक उक्त भूमि को औद्योगिक प्रयोजन (सोलर ऊर्जा) हेतु पुर्न निर्धारण किये जाने हेतु आवेदन पत्र मय शपथ पत्र, बी-1, खसरा की प्रति एवं रजिस्ट्री बैनामा की छायाप्रति संलग्न कर प्रस्तुत किया है।

अतः उक्त आवेदित कृषि भूमि को औद्योगिक प्रयोजन (सोलर ऊर्जा) हेतु पुर्न कर निर्धारण किये जाने में जिस किसी भी व्यक्ति या संस्था को कोई आपत्ति-दावा हो तो वह स्वयं या अपने किसी विधिक प्रतिनिधि के माध्यम से दिनांक 10/11/2025 तक अपना दावा आपत्ति इस न्यायालय में प्रस्तुत कर सकता है। उक्त तिथि पश्चात प्राप्त दावा-आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावे।

आज दिनांक 24/10/2025 को मेरे हस्ताक्षर एवं पदमुद्रा सहित जारी किया गया।

मुहर — अनुविभागीय अधिकारी (रा.) सिमगा

**न्यायालय अनुविभागीय अधिकारी (रा.) सिमगा, जिला बलौदाबाजार-भाटापारा (छ.ग.)**

**-:: ईश्तहार ::-**

रा.प्र.क्र. अ/2 वर्ष 2025-26
ग्राम झिरिया प.ह.नं. 19 तहसील सिमगा

एतद् द्वारा सर्व साधारण जनता ग्राम झिरिया प.ह.नं. 19 तहसील सिमगा जिला बलौदाबाजार-भाटापारा (छ.ग.) को सूचित किया जाता है कि आवेदकगण सिद्धांत शर्मा पिता हरेराम शर्मा, हरेराम शर्मा पिता रामेश्वर शर्मा, नीलू शर्मा पति हरेराम शर्मा सभी निवासी 812, सुंदर नगर रायपुर (छ.ग.) कास्तकार ग्राम झिरिया प.ह.नं. 19 तहसील सिमगा जिला बलौदाबाजार-भाटापारा (छ.ग.) के द्वारा आवेदन प्रस्तुत किया गया है कि ग्राम झिरिया प.ह.नं. 19 तहसील सिमगा जिला बलौदाबाजार-भाटापारा स्थित भूमि खसरा नंबर 832/2, 833, 837/2, 842/2, 909/2, 912/2, 917/2, 920 रकबा क्रमशः 0.3900, 0.6600, 0.1200, 0.1600, 0.2100, 0.1300, 0.5900, 0.0700 हे. कुल खसरा नं. 08 कुल रकबा 2.3300 हे. कृषि भूमि आवेदकगण के नाम पर राजस्व अभिलेख में भूमिस्वामी हक में दर्ज है। आवेदकगण उक्त भूमि को औद्योगिक प्रयोजन (सोलर ऊर्जा) हेतु पुर्न निर्धारण किये जाने हेतु आवेदन पत्र मय शपथ पत्र, बी-1, खसरा की प्रति एवं रजिस्ट्री बैनामा की छायाप्रति संलग्न कर प्रस्तुत किया है।

अतः उक्त आवेदित कृषि भूमि को औद्योगिक प्रयोजन (सोलर ऊर्जा) हेतु पुर्न कर निर्धारण किये जाने में जिस किसी भी व्यक्ति या संस्था को कोई आपत्ति-दावा हो तो वह स्वयं या अपने किसी विधिक प्रतिनिधि के माध्ये से दिनांक 10/11/2025 तक अपना दावा आपत्ति इस न्यायालय में प्रस्तुत कर सकता है। उक्त तिथि पश्चात प्राप्त दावा-आपत्ति विचार पर कोई नहीं किया जावे।

आज दिनांक 24/10/2025 को मेरे हस्ताक्षर एवं पदमुद्रा सहित जारी किया गया।

मुहर — अनुविभागीय अधिकारी (रा.) सिमगा

**न्यायालय अनुविभागीय अधिकारी (रा.) सिमगा, जिलाबलौदाबाजार-भाटापारा (छ.ग.)**

**-: ईश्तहार ::-**

रा.प्र. क्र...... अ/2, वर्ष, 2025-26
वाद भूमि ग्राम केसदा प.ह.नं. 19

एतद् द्वारा सर्वसाधारण जनता ग्राम केसदा प.ह.नं. 19 तहसील सिमगा जिला बलौदाबाजार-भाटापारा, को सूचित किया जाता है कि आवेदक नीरज शर्मा पिता विरेन्द्र शर्मा निवासी रायपुर कास्तकार ग्राम केसदा प.ह.नं. 19 तहसील सिमगा जिला बलौदाबाजार-भाटापारा (छ.ग.) के द्वारा आवेदन प्रस्तुत किया गया है कि आवेदक के नाम पर भूमि स्वामी हक में ग्राम केसदा प.ह.नं. 19 तहसील सिमगा जिला बलौदाबाजार-भाटापारा (छ.ग.) में स्थित भूमि खसरा नम्बर 3, 4, 29 रकबा क्रमशः 1.0100, 0.7500, 0.0600 हे. कुल ख. नं. 03 कुल रकबा 1.8200 हे. भूमि राजस्व अभिलेख में दर्ज है। आवेदक उक्त भूमि को औद्योगिक प्रयोजन (सोलर ऊर्जा) हेतु पुर्न निर्धारण किये जाने आवेदन पत्र मय शपथ पत्र बी-1, खसरा, नक्शा, प्रति संलग्न कर प्रस्तुत किया है।

अतः उक्त आवेदित भूमि को औद्योगिक प्रयोजन (सौर ऊर्जा) हेतु पुर्न कर निर्धारण किये जाने में जिस किसी भी व्यक्ति या संस्था को कोई दावा-आपत्ति प्रस्तुत करना हो तो वह स्वंय या अपने अधिवक्ता के माध्यम से प्रकरण नियत सुनवाई पेशी दिनांक 10/11/2025 तक अपना दावा-आपत्ति प्रस्तुत कर सकते हैं। नियत तिथि के उपरांत प्राप्त आपत्ति-दावा पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

अतएव आज दिनांक 24/10/2025 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय की पदमुद्रा सहित जारी किया गया।

मुहर — अनुविभागीय अधिकारी (रा.) सिमगा



सिटीप्लेक्स सिनेमा-भाटापारा
31 अक्टूबर 2025
SHOW TIME
बाहुबली द ईपिक
शो समय - 3:00, 6:00 PM
थामा
शो समय - 12:00 PM
एक दीवाने की दीवानियत
शो समय - 12:00,3:00, 9:00 PM
नोट : फेसबुक और इंस्टाग्राम में टाईम टेबल देखा जा सकता है।
bookmyshow पर टिकिट बुकिंग सुविधा उपलब्ध
मो. 93001-27666

# कबीर नवयुवक मंडल व नारी विरागना ग्रुप ने किया पौधारोपण

हरिभूमि न्यूज ▶▶| मुंडा

ग्राम पंचायत मल्लीन के खेल मैदान में गत दिनों सतगुरु कबीर नवयुवक मंडल एवं नारी विरागना ग्रुप के उत्साही युवक युवतियों के द्वारा सराहनीय पहल करते हुए पीपल पौधे का रोपण किया गया। पौधरोपण करने के पश्चात पीपल के पौधे को बचाने लकड़ी का ट्री गार्ड बनाकर घेरा किया गया। इन युवक युवतियों का लक्ष्य गांव को हरा-भरा बनाना है। यह पहल न केवल पर्यावरण संरक्षण के प्रति उनकी जागरूकता को दर्शाता है बल्कि यह भी दिखाती है कि कैसे युवा शक्ति एक समुदाय में सकारात्मक बदलाव ला सकती है। सतगुरु कबीर नवयुवक मंडल के जनक साहू ने बताया कि वृक्ष हमारी संस्कृति का अभिन्न अंग है स्वच्छ पर्यावरण और पृथ्वी पर पर्यावरण संतुलन हेतु आवश्यक है। पर्यावरण स्वच्छ रह सके और बीमारियों से बचाव हो सके। पर्यावरण को बचाने के लिए हर नागरिक को एक पौधा अवश्य लगाना चाहिए ताकि पृथ्वी पर प्राकृतिक संतुलन बना रहे। पुरुषोत्तम साहू और किशन साहू ने कहा कि यहां की प्राकृतिक वातावरण काफी शुद्ध हुआ स्वच्छ है। इस प्राकृतिक वातावरण को बचाएं रखने के लिए पौधरोपण अवश्य करना चाहिए।



**प्रकृति को बचाना जरूरी**

अगर समय रहते ही प्रकृति को नहीं बचाया गया तो आने वाले दोनों में पृथ्वी पर निवास करने वाले को जल एवं वायु संकट से जूझना पड़ेगा। प्राकृतिक को बचाने के लिए आम लोगों को प्रकृति की रक्षा करने के लिए जागरूक किया जाना चाहिए। पौधरोपण के दौरान सतगुरु कबीर नवयुवक मंडल के नरेंद्र साहू एवं नारी विरागना ग्रुप के माधुरी साहू, नेमा साहू प्रमुख रूप से उपस्थित थे।

## मांग : सुविधा प्रारंभ करने के लिए मुख्यमंत्री के नाम ज्ञापन सौंपा

# शासकीय कर्मचारियों ने मांगी कैशलेस चिकित्सा सुविधा, सरकार पर नहीं पड़ेगा अतिरिक्त भार

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बलौदाबाजार



- वर्तमान व्यवस्था में मेडिकल क्षतिपूर्ति लेने में लगता है काफी समय

छत्तीसगढ़ चिकित्सा सेवा कर्मचारी कल्याण संघ के प्रांतीय आह्वान पर जिला संगठन ने छत्तीसगढ़ राज्य के रजत जयंती वर्ष में राज्य के समस्त कर्मचारी एवं पेंशनर्स के लिए मेडिकल कैशलेस सुविधा प्रारंभ करने की मांग की है। पदाधिकारियों व सदस्यों ने मुख्यमंत्री के नाम पर एआर टण्डन अपर कलेक्टर को ज्ञापन सौंपा है।

विदित हो कि छत्तीसगढ़ राज्य के 5 लाख कर्मचारी जो प्रदेश के सरकारी विभागों में अपनी सेवाएं दे रहे हैं। उनके लिए आज बढ़ती मंहगाई में स्वयं एवं परिवार के सदस्यों की स्वास्थ्य संबंधी बड़ी परेशानियों में इलाज कराना असंभव सा हो गया है। शासन द्वारा मेडिकल क्षतिपूर्ति की जो सुविधा दी जाती है, उसे प्राप्त करने में बहुत समय लग जाता है। कर्मचारियों को समुचित इलाज के लिए कर्ज लेना पड़ता है। जमीन बेचनी पड़ती है या जमा-पूंजी खत्म करनी पड़ती है। छग के शासकीय व शासन द्वारा मान्यता प्राप्त प्रदेश के और बाहर निजी चिकित्सालय में कैशलेस मेडिकल की सुविधा समस्त 5 लाख कर्मचारियों, पेंशनर्स एवं उनके परिवार को प्रदान करने की मांग संघ ने की है।

ज्ञापन के माध्यम से बताया गया कि मेडिकल कैशलेस की सुविधा देने में राज्य के ऊपर किसी भी प्रकार का अतिरिक्त वित्तीय भार नहीं पड़ेगा। यह सुविधा छग के समस्त कर्मचारियों के लाभकारी सिद्ध होगी। राज्य निर्माण के 25 वर्ष पूर्ण होने पर रजत जयंती वर्ष मे राज्य शासन द्वारा मेडिकल केसलेश की सुविधा लागू किये जाने पर समस्त कर्मचारी एवं पेंशनर्स एवं उनके परिवार राज्य शासन के आभारी रहेंगे।

**ये रहे मौजूद:** ज्ञापन सौंपने वालों में प्रदेश संयोजक रमेश नेगी, जिला अध्यक्ष कर्मचारी कांग्रेस संतोष साहू, सतीश वर्मा आरएईओ, शुभदीप सरकार आरएईओ, मुन्ना लाल मनहरे, गिरीश साहू, प्रकाश चंद्र निर्मलकर, कैलाश चौधरी, रूपनारायण साहू सहित समस्त विभागीय कर्मचारी प्रमुख रूप से मौजूद रहे।

# बिनौरी में पीएम सूर्य घर योजना की जानकारी दी



हरिभूमि न्यूज ▶▶| पलारी

ग्राम पंचायत बिनौरी में विद्युत विभाग पलारी के द्वारा पीएम सूर्य घर योजना के अंतर्गत ग्रामवासियों को जानकारी दी गई। पीएम सूर्य घर योजना की जानकारी देते हुए जेई हिरेंद्र कुमार धुव्र ने बताया कि 01 किलोवॉट में लागत राशि 70 हज़ार रुपये आता है जिसमें केंद्र शासन के द्वारा 30 हज़ार, राज्य शासन के द्वारा 15 हज़ार कुल 45 हज़ार रुपये सब्सिडी मिलेगा। 02 किलोवॉट में लागत राशि 1 लाख 20 हजार रुपये है जिसमें केंद्र शासन के द्वारा 60 हजार रुपये व राज्य शासन के द्वारा 30 हजार रुपये कुल 90 हजार रुपये सब्सिडी के रूप में मिलेगा, उसी प्रकार 03 किलोवॉट में उपभोक्ता को लागत राशि 1 लाख 90 हजार रुपये खर्च आएगा जिसमें केंद्र के द्वारा 78 हजार, राज्य शासन के द्वारा 30 हज़ार कुल 1 लाख 8 हजार रुपये उपभोक्ता को सब्सिडी मिलेगा। उन्होंने ग्रामीणों को बताया कि उपभोक्ता के विकल्प अनुसार किसी भी बैंक से 6% सालाना ब्याज पर लोन सुविधा उपलब्ध है जिसमे इस महत्वाकांक्षी योजना में 20 हितग्राही का पंजीयन किया गया। इस दौरान लाईन प्रचारक संजू साहू, ईश्वर यादव, लाईन प्रचारक सरपंच प्रतिनिधि सनकुमार साहू, पंचगण बाला राम साहू, सालिक साहू, अमृत, चरण निराला, पवन कोटवार, खेतिहर धीवर, कौशल साहू, संजू साहू, सदामी सतनामी, बाबू लाल, शिवकुमार डहरिया, माखन सेन, झब्बु लाल कुर्रे, गेंददास टंडन, पीलाराम साहू, संतोष कुमार साहू, अशोक कुमार साहू, बुधारू साहू, मोहन डहरिया, भगमती साहू, मालिक सतनामी सहित ग्रामवासी उपस्थित थे।

## खबर संक्षेप

### संभाग स्तरीय क्रिकेट प्रतियोगिता में देवांश का रहा उत्कृष्ट प्रदर्शन

**महासमुंद।** द न्यू होली फेथ स्कूल के छात्र देवांश दास महंत पिता नरेश दास महंत ने क्रिकेट प्रतियोगिता में जिला एवं संभाग से जीत हासिल कर राज्य स्तरीय शालेय प्रतियोगिता में वर्चस्व स्थापित किया। 25वीं राज्य स्तरीय शालेय क्रीड़ा प्रतियोगिता क्रिकेट 14वर्ष अंडर बालक वर्ग संभाग स्तरीय क्रिकेट आयोजित स्थल माना एयरपोर्ट ग्राउंड रायपुर में हुआ। रायपुर, धमतरी, गरियाबंद, महासमुंद, बलौदाबाजार इन पांचों जिला के खिलाड़ियों के मध्य अपना बेहतर प्रदर्शन कर विजेता बने। खिलाड़ी देवांश अंबिकापुर जिला सरगुजा के क्रिकेट ओवल पिच पर प्रदर्शन करेंगे। छात्र देवांश के इस सुअवसर उपलब्धि के लिए संस्था के चेयरमैन महेंद्र जैन, प्राचार्य शर्वरी पींचा, खेल प्रशिक्षक जगदीश धीवर एवं विद्यालय के समस्त शिक्षक -शिक्षिकाओं ने हर्ष जताया है।

### महाविद्यालय में मोल डे पर पोस्टर एवं क्विज प्रतियोगिता का आयोजन

**सरायपाली।** वीरेंद्र बहादुर सिंह शासकीय महाविद्यालय में प्राचार्य डॉ संध्या भोई के निर्देशन एवं शब्या पटेल (विभाग अध्यक्ष - रसायन शास्त्र एवं आईक्यूएसी प्रभारी) के मार्गदर्शन तथा अनिल गुप्ता, अक्षय कुमार साहू एवं पीतांबर बाघ के अगुवाई में रसायन शास्त्र विभाग में मोल डे पर पोस्टर एवं क्विज प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ विद्यादायिनी मां सरस्वती के छायाचित्र के समक्ष दीप प्रज्वलित कर किया गया। उद्बोधन की कड़ी में विभाग अध्यक्ष शब्या पटेल ने कहा कि रसायन विज्ञान में मोल दिवस सुबह 6.02 बजे से शाम 6.02 बजे तक मनाया जाने वाला एक अनौपचारिक अवकाश है। यह दिवस एवोगेड्रो संख्या के सम्मान में मनाया जाता है। प्राचार्य डॉक्टर संध्या भोई ने अपने उद्बोधन में कहा कि ज्ञान और विज्ञान में अटूट संबंध होता है। यह दिन रसायन विज्ञान के प्रति रुचि को बढ़ावा देने के लिए होता है। उन्होंने छात्रों को जीवन में सफलता के महत्वपूर्ण टिप्स दिए गए।

## निधन

### मोंगरा बाई वर्मा



**खरोरा।** ग्राम परसवानी निवासी मोंगरा बाई वर्मा का 82 वर्ष का निधन हो गया। उनका अंतिम संस्कार गृह ग्राम में किया गया। वे गजेंद्र वर्मा, राजेंद्र वर्मा, जागेश्वरी, महेश्वरी, सरिता और सुशीला वर्मा प्रधानाध्यापक पूर्व माध्यमिक शाला खरोरा की माताजी थी।

# किसानों की समस्याओं को लेकर कलेक्टर को सौंपा ज्ञापन



हरिभूमि न्यूज ▶▶| मुड़पार सरसीवां

विगत दिवस भीम आर्मी छत्तीसगढ़ के कार्यकर्ताओं ने किसानों की कई समस्याओं को लेकर जिला कलेक्टर कार्यालय में ज्ञापन सौंपा। भीम आर्मी के कार्यकर्ताओं का कहना है कि जिस तरह से पूरे जिला में एग्रीस्टेक पंजीयन से किसानों को बड़ी समस्या हो रही है। किसानों की उपज न बिके इसके लिए राज्य सरकार ने यह पोर्टल पेश की है इस व्यवस्था से दलाल कैसे भी करके धान बेच लेगा। यदि एग्री स्टेक सफल नहीं हो रहा है तो इसमें किसानों का क्या दोष है। अगर जल्द से जल्द किसानों की समस्या का समाधान नहीं हुआ और उनके फसल उचित मूल्य में धान खरीदी नहीं हुआ तो किसानों को आर्थिक समस्याओं का सामना करना पड़ेगा जो किसान कर्ज में हैं उनका जीवन दूभर हो जाएगा इसके लिए भीम आर्मी बड़ा आंदोलन करेगी। भीम आर्मी ने कहा कि एग्रीस्टेक पोर्टल में वारिसान धान पंजीयन का कोई ऑप्शन नहीं है जिससे जिले में हजारों किसान धान बेचने से वंचित हो जाएंगे इसके लिए जिला प्रशासन सभी तहसीलदारों को आदेश जारी करें कि ऐसे मामलों की सूची बनाकर सोसायटियों में तहसीलदार कैरी फॉरवर्ड करें ताकि इस प्रकरण के किसानों के भी धान बिक सकेंगे। भीम आर्मी ने जिला प्रशासन से तत्काल किसानों की समस्या का जल्द समाधान करें अन्यथा भीम आर्मी आगामी समय में जिला कलेक्ट्रेट कार्यालय का घेराव कर आंदोलन करने के लिए बाध्य होगी ज्ञापन देने पहुंचे मनीन्दर सिंह आजाद के साथ खगेश निराला, अमित जायसवाल, राजकुमार वारे, राजेश भास्कर, ग्राम अध्यक्ष विक्रम जांगड़े, तथा बिलाईगढ़ क्षेत्र के अन्य किसान लोग उपस्थित रहे।

# वॉलीबॉल प्रतियोगिता में पिथौरा और कोहका ने जीता खिताब

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सिमगा

- राजीव गांधी महाविद्यालय में परिक्षेत्र स्तरीय वॉलीबॉल प्रतियोगिता हुई





राजीव गांधी शासकीय महाविद्यालय सिमगा में उच्च शिक्षा विभाग छत्तीसगढ़ के तत्वाधान में परिक्षेत्र स्तरीय महिला / पुरुष वॉलीबॉल प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। जिसमें बलौदाबाजार महासमुंद सेक्टर के पुरुष वर्ग में 10 टीमों ने भाग लिया तथा महिला वर्ग में 6 टीमों ने भाग लिया। जिसमें महिला वर्ग में पहला मैच शासकीय महाविद्यालय पिथौरा एवं शासकीय महाविद्यालय सिमगा के मध्य हुआ, जिसमें पिथौरा विजयी रही, पुरुष वर्ग में फ़ाइनल मैच शासकीय महाविद्यालय पिथौरा व बैकुंठ महाविद्यालय के मध्य खेला गया जिसमे पिथौरा महाविद्यालय विजेता रहा है तथा महिला वर्ग में फाइनल मुकाबला कोहका एवं भाटापारा के मध्य खेला गया जिसमे कोहका महाविद्यालय के मध्य हुआ जिसमे कोहका विजयी रही एवं फाइनल जीतकर सेक्टर विजयी रही। भाटापारा रनर अप टीम बनी। इस अवसर पर कार्यक्रम की शुरुआत महाविद्यालय के प्रभारी प्राचार्य डॉ बीरु लाल बारगाह के द्वारा सरस्वती माता की आरती एवं दीप प्रज्वलित कर किया गया। इस कार्यक्रम में विभिन्न महाविद्यालय से उपस्थित क्रीड़ा अधिकारी डॉ बी. शाह पूर्व फिजिकल डायरेक्टर डॉक्टर रविंद्र मिश्रा, भुनेश्वर राय, जितेंद्र यादव, डॉ. पुरनेन्द्र वर्मा, डॉ सुलेखा, दिलीप लहरे, एवं महाविद्यालय से क्रीड़ा अधिकारी प्रिया कनोजे, आशीष, विकास रात्रे, डॉ संजोगीता तिवारी, सुनीता साकेत, अर्चना कुजूर, स्वेता, विक्रम साहू, अतिथि व्याख्याता डॉ हरीश साहू, संगीता, अंकिता, पुनिता, आभा, आकाश सोनी, स्वाति सोनी, ज्योति तथा अधिक संख्या में महाविद्यालय के छात्र-छात्राएं उपस्तिथत रहे।

# सशिम पलारी में आंवला पूजन मनाया



हरिभूमि न्यूज ▶▶| पलारी

गुरुवार को सरस्वती शिशु मंदिर पलारी में आंवला नवमी के उपलक्ष्य में शिशु कक्षा के भैया-बहन को प्रकृति पूजन के विषय को लेकर आंवला पूजन किया गया। पूजन के समय बच्चों के द्वारा भजन प्रस्तुत किए गए। विद्यालय के प्राचार्य एवं आचार्य दीदीयों ने पूजन कर बच्चों के आरोग्य और समृद्धि की कामना किए।

# भाजपा कार्यकर्ताओं ने गौरीशंकर अग्रवाल की मुलाकात



**सेल।** भाजपा कार्यकर्ताओं ने पूर्व विधानसभा अध्यक्ष गौरीशंकर अग्रवाल से सौजन्य मुलाकात आर्शीवाद लिया गया पूर्व विधानसभा अध्यक्ष गौरीशंकर अग्रवाल से आज निज निवास स्वर्णभूमि रायपुर में भाजपा युवा मोर्चा कसडोल महामंत्री राजू साहू, युवा मोर्चा जिला कोषाध्यक्ष गणेशशंकर साहू, कार्यकर्ता सूजेलाल साहू, पूर्व पार्षद कसडोल विनोद बंजारे, ग्राम सेल बूथ अध्यक्ष रामचरण साहू ने सौजन्य भेंट की एवं गुलदस्ता भेंटकर आशीर्वाद लिया।

## भ्रष्टाचार निरोधक जन जागरुकता अभियान

# सत्यनिष्ठा और पारदर्शिता से भ्रष्टाचार पर कसना है शिकंजा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भाटापारा

भ्रष्टाचार के विरुद्ध सतर्कता, हमारी साझा जिम्मेदारी इस थीम के तहत पावर ग्रिड कार्पोरेशन ऑफ इंडिया लिमिटेड आलेसुर भाटापारा उपकेन्द्र द्वारा भ्रष्टाचार निरोधक जन जागरुकता अभियान चलाया जा रहा है।

शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय गुर्रा भाटापारा में जन जागरुकता अभियान के तहत निबंध प्रतियोगिता आयोजित की गई। इसमें कक्षा 12 वीं के विद्यार्थियों ने बढ़ चढ़कर भाग लिया। विजेता प्रतिभागियों को पुरस्कार वितरण भी किया गया। कार्यक्रम में विद्यालय के प्राचार्य आर पी बांधे और पावरग्रिड से आशीष भौमिक अभियंता बलदेव राम देवांगन कनिष्ठ अभियंता उपस्थित होकर जन जागरूकता कार्यक्रम को सफल बनाया। ग्राम पंचायत आलेसुर में एक जनसभा का आयोजन कर जन जागरूकता अभियान चलाया गया। बताया गया कि भ्रष्टाचार से देश , नगर, गांव समाज का किस तरह आर्थिक विकास अवरुद्ध होता है, सत्यनिष्ठा व पारदर्शिता से भ्रष्टाचार पर शिकंजा कसना है। जन जागरूकता अभियान में देश की प्रत्येक नागरिकों की सक्रिय भूमिका। इस कार्यक्रम में पावर ग्रिड कार्पोरेशन ऑफ इंडिया लिमिटेड से श्यामल बाला (वरिष्ठ महा प्रबंधक), शुभम कुमार ( उप प्रबंधक) एवं ग्रामपंचायत आलेसुर के सरपंच अपने अन्य पंचगण के साथ उपस्थित होकर इस जागरूकता अभियान को सफल बनाया।




**सामूहिक चर्चा कर नागरिकों को किया जागरूक**

रेलवे स्टेशन भाटापारा से तिरंगा चौक भाटापारा तक जन जागरूकता रैली निकाली गयी। पैदल मार्च को दौरान जन जागरूकता अभियान के तहत पम्पलेट का विवरण भी किया गया। भाटापारा के चौक में भ्रष्टाचार निदान के सामूहिक चर्चा कर नगरवासियों को सतर्क और जागरूक रहने का आवाहन किया गया।

